हरियाणा के प्रत्येक शहर में पंचकर्म केंद्र

चर्चा में क्यों?

हाल ही में **हरियाणा के स्वास्थ्य, परिवार कल्याण एवं आयुष मंत्री अनिल विज ने घोषणा की है कि राज्य के प्रत्येक शहर में पंचकर्म केंद्र खोले जायेंगे।**

- पर्यटन स्थलों पर **टूरिज़्म वेलनेस सेंटर** भी स्थापित किये जायेंगे।

मुख्य बिंदु:

- मंत्री ने आयुष विभाग के भीतर एक **औषधि परीक्षण प्रयोगशाला** की स्थापना की भी घोषणा की।
- राज्य में आयुष को बढ़ावा देने के लिये कई कदम उठाए गए हैं:
  - **5,500 आयुष योग सहायकों की जल्द ही भर्ती की जाएगी** और उन्हें शहरी क्षेत्रों के प्रतिष्ठित पार्कों, धर्मशाला तथा सामुदायिक केंद्रों में योग प्रशिक्षण की ज़िम्मेदारी सौंपी जाएगी।
  - हरियाणा कौशल रोज़गार निगम के माध्यम से **आयुष योग निरीक्षकों और प्रशिक्षकों** की भी भर्ती की जाएगी।
  - प्रथम चरण में राज्य में **1121 व्यायामशालाएँ निर्माणाधीन** हैं, जिनमें से **656 आयुष विभाग को सौंपी गई हैं।**
  - **योग केंद्रों और सामुदायिक स्थानों पर 892 योग सहायक नियुक्त किये गए हैं।** अगले चरण में 1353 नये योग केंद्र चिह्नित किये गए हैं।
  - **श्री कृष्णा आयुष विश्वविद्यालय में आयुर्वेदिक फार्मेसी** चलाने की मंज़ूरी दे दी गई है और अधिकारियों को विश्वविद्यालय में इनडोर एवं आउटडोर आयुष उपचार सुविधाएँ शुरू करने का निर्देश दिया गया है।
  - राज्य औषधीय पादप बोर्ड के अधिकारियों को **किसानों के लिये औषधीय पौधों की कृषि हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करने का निर्देश दिया गया है।**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/panchkarma-centers-in-every-city-of-haryana